**□ जनपद- हाथरस ।□**

**♦□ प्रेस नोट ♦□**

**□ दिनांक- 26.09.2025□**

**!!□ एसओजी टीम व थाना कोतवाली नगर पुलिस एवं मिशन शक्ति टीम की संयुक्त कार्यवाही में करीब 1,00,00,000/- रूपये (एक करोड रूपये) से अधिक की ठगी करने वाले गिरोह का भण्डाफोड करते हुए जनता के लोगों को लालच देकर उनके बैंक खाते किराये पर लेने तथा किराये के खातों में फ्राड/ठगी के पैसे ट्रांसफर होने के उपरान्त एटीएम कार्ड से ठगी के रूपये निकालने वाले 06 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से 15000 रुपये नगद, 17 एटीम कार्ड, 08 मोबाइल फोन, 13 कूटरचित आधार कार्ड, 01 पासबुक आदि बरामद किये गये !!□**

**पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा ठगी करने वाले गिरोह का भण्डाफोड करने वाली पुलिस टीम को 25000/- रूपये का नगद पुरूष्कार दिया गया**

आज दिनांक 26.09.2025 को पुलिस अधीक्षक हाथरस श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में एसओजी टीम व थाना कोतवाली नगर पुलिस एवं मिशन शक्ति टीम को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि आम जनता के साथ धोखाधडी करके/लालच देकर फर्जी तरीके से बैंक में एकाउन्ट खुलवाकर उनमें साइबर फ्राड के पैसे ट्रान्सफर कराकर एटीएम कार्ड से निकालने वाले कुछ व्यक्ति गंगाधाम कालोनी की पुलिया के पास अलीगढ बाईपास की तरफ जाने वाली सड़क पर खडे है। उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुये एसओजी टीम व थाना कोतवाली नगर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में गंगा धाम कालोनी के पास से किराये पर लिए खातों से फ्राड का पैसा निकालने वाले ठगी के गिरोह में शामिल 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। जिनके कब्जे से 15000 रुपये नगद, 17 एटीएम कार्ड, 08 मोबाइल फोन, 13 आधार कार्ड, 01 पासबुक आदि बरामद हुई है। अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ में बताया कि हम लोगों का एक संगठित गिरोह है हम लोग अब तक आमजन से करीब 1,00,00,000/- रूपये (एक करोड रूपये) से अधिक की ठगी कर रूपये निकाल चुके है। हम लोगों में अन्सार, हमजा, हासिम, तारीफ, इरफान द्वारा जनता के भोले-भाले लोगों को लालच देकर उनके नाम खुले बैंकों के खाते किराये पर ले लेते है और उनके खातों में लगे रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर व एटीएम कार्ड बसीम को दे देते है। जिस कार्य के लिए बसीम उनको 5000 रूपये देता है जिसमें से 2500 रूपये खाता धारक को दे दिये जाते है। इसके उपरान्त बसीम अपने ही गॉव के 1. मुस्तकीम पुत्र असर खां, 2. आरिफ पुत्र दिलदार, 3. अलताफ पुत्र कमर खाँ, 4. इरफान पुत्र कमर खाँ, 5. वारिस पुत्र दिलदार 6. शाहिल पुत्र आस मोहम्मद व 7. आविद को खाता संख्या दे देता है। उक्त सातों लोगों द्वारा आर्मी/सीबीआई आफीसर बनकर अपना ट्रांसफर होने की बात बताते हुए लोगों का विश्वास जीतते है फिर यह जाहिर करते है कि चूँकि मेरा स्थानान्तरण हो गया है इसलिये हम अपना घरेलू सामान कम कीमत पर आपको बेच देंगे। लोग कम कीमत की बात व आर्मी आफीसर की बातों में आकर इनके सामान को खरीदने के लिये लोन लेने हेतु बैंक खाता खुलवाते है। इस तरह ये लोग भोले-भाले लोगों को अपनी बातों में फंसाकर फ्राड कर किराये के खातों में पैसे ट्रांसफर करा लेते है। तत्पश्चात बसीम द्वारा किराये के खातों से फ्राड कर प्राप्त हुए रूपयों को निकाल कर उक्त लोगों के खातों में रूपये ट्रांसफर कर देता है। इस कार्य के लिए बसीम को 10 % हिस्सा मिलता है।

उक्त घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम सक्रिय है, शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-

1. बसीम पुत्र शमी खाँ निवासी गांव टायडा थाना कामा जनपद भरतपुर राजस्थान।
2. अन्सार पुत्र अनवर निवासी हामिदनगर थाना शाहगंज जनपद आगरा।
3. हमजा पुत्र इमरान निवासी आजमपाडा थाना शाहगंज जनपद आगरा।
4. हाशिम कुरैशी पुत्र इरशाद कुरैशी निवासी बिल्लौचपुरा थाना लोहामण्डी जनपद आगरा।
5. तारिफ पुत्र इदरीश निवासी उधाका थाना कामा जनपद भरतपुर राजस्थान।
6. इरफान पुत्र रज्जाक निवासी उधाका थाना कामा जनपद भरतपुर राजस्थान।

बरामदगी का विवरणः-

1- 15000 रुपये नगद (फ्राड/ठगी से प्राप्त)
2- 17 एटीम कार्ड
3- 08 मोबाइल फोन
4- 13 कूटरचित आधार कार्ड
5- 01 पासबुक

पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0स0- 311/25 धारा 318(4) /338/336(3) /340(2) /317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद हाथरस।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1- प्रभारी निरीक्षक श्री गिरीश चन्द्र थाना कोतवाली नगर मय टीम जनपद हाथरस।
2- उ0नि0 श्री धीरज गौतम प्रभारी एसओजी टीम मय टीम जनपद हाथरस।
3- म0उ0नि0 छवि नयन थाना कोतवाली नगर जनपद हाथरस।
4- म0का0 बबली श्याम थाना कोतवाली नगर जनपद हाथरस।
5- म0का0 प्रियंका शाक्य थाना कोतवाली नगर जनपद हाथरस।

MEDIA CELL HATHRAS